## महत्वपूर्ण एवं खास

### गैस प्लांट में रेक चोरी करने वाले दो युवक पकड़ाये

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना खरसिया अंतर्गत पंडरीपानी छ्त्र गैस कंपनी के प्लांट से लोहे का रेट चोरी कर भाग रहे दो युवकों को प्लांट के मैनेजर कृष्ण कुमार पटेल व उसके साथी पंकज सिंह ने देखा और डायल 112 को कॉल कर सूचित किए। डायल 112 स्टाफ दोनों संदेही 1-चंद्रहास राठिया, 2- रामप्रसाद नागवंशी दोनों निवासी पंडरीपानी को पकड़ कर उनके कब्जे से एक लोहे का रेक कीमती रू-4000 जप्त किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध गैस कंपनी के प्लांट मैनेजर कृष्ण कुमार पटेल की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 442/19 धारा 457, 380, 34 भा द वि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर युवकों को रिमांड पर भेजा गया है।

### जनरल स्टोर से नगदी चोरी के आरोप में 03 बाल अपचारी व खरीददार हिरासत में

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना घरघोड़ा स्टाफ द्वारा जनरल स्टोर में नगदी चोरी के आरोप में 3 बाल अपचारी को हिरासत में लिए जिनसे पूछताछ में चोरी का सामान के खरीदार को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। दिनांक 19-20.10.2019 कि रात्रि कुडूमकेला निवासी अमन अग्रवाल के जनरल स्टोर के छत का छप्पर के रास्ते दुकान अंदर से 4-5 हजार रूपये के सिक्कों की चोरी करने के आरोप में कुरूमकेला के 03 बाल अपचारियों को घरघोड़ा पुलिस ने हिरासत में लिया। बालकों से पूछताछ करने पर उन्होंने पूर्व में चोरी की हुई एक तांबे का परात को कुरूमकेला के प्रभाकर खर्रा को बेचना बताया, जिससे प्रभाकर खर्रा को चोरी का सामान खरीदने के आरोप में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया तथा बाल अपचारियों को किशोर बोर्ड न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। चोरी की रिपोर्ट के संबंध में थाना घरघोड़ा में रिपोर्टकर्ता अमन अग्रवाल निवासी कुडूमकेला के रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 200/19 धारा 380, 457 भा द वि पंजीबद्ध किया गया है।

### तमनार, घरघोड़ा पुलिस की अवैध महुआ शराब के विरुद्ध कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना तमनार स्टाफ द्वारा कुंजेमुरा निवासी नरेंद्र कुमार निषाद पिता गोविंद निषाद उम्र 29 वर्ष के घर बाड़ी में छिपाकर अवैध बिक्री के लिए रखी हुई 7 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना तमनार में 34(1) क (2),59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। घरघोड़ा पुलिस द्वारा आज दिनांक 20. 10.2019 को सतनामीपारा गली में चंदन वारे पिता सोहनलाल वारे उम्र 23 साल वार्ड नंबर 4 सतनामीपारा को बोरे में भरकर अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश करते वक्त पकड़ा गया। आरोपी से 12 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना घरघोड़ा में धारा 34( 2), 59 (क) अबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### वृद्ध को पागल कुत्ते ने काटा डायल 112 को मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** दोपहर चक्रधरनगर राइनो को दनोट गांव में 70 वर्षीय बोधन सिदार पिता बोखीराम सिदार को पागल कुत्ते के काट लिए जाने पर मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट प्राप्त हुआ। इवेंट पर थाना चक्रधर नगर राइनो के ईआव्ही वाहन में आरक्षक संजय चौहान ग्राम दनोट जाकर ईआरबी वाहन में से आहत बोधन सिदार को केजीएच रायगढ़ उपचार के लिए लेकर आया।

### दो सड़क हादसों में एक महिला सहित चार की मौत

» राजधानी के अमलेश्वर मार्ग तथा उरला में हुआ हादसा




**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में रविवार को हुए दो सड़क हादसों में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। एक मामलें में अमलेश्वर जाने के मार्ग में ट्रक की चपेट में आ जाने से एक महिला की मौत हो गई वहीं उरला इलाके में दो बाईक की टक्कर से तीन युवकों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार डीडी नगर थाने के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार महिला को अपनी चपेट में ले लिया । वुड आईलैंड अमलेश्वर के फ्लैट में रहने वाली महिला रूचि गौर अपनी स्कूटी सीजी 04 एमटी 4494 से डीडी नगर से जा रही थी तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और वे पार्षद के नेतृत्व में थाने का घेराव करने पहुंच गए और भारी वाहनों को प्रतिबंधित करने की मांग करने लगे। पुलिस की समझाईश के बाद लोग शांत हुए। आक्रोशित लोगों ने चेतावनी भी दी है कि यदि दो दिन के भीतर यह नहीं हुआ तो चक्काजाम करेंगे। पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर महेश कुमार पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक अन्य मामलें में उरला इलाके में 2 बाइक में जबरदस्त भिडंत हो गई। हादसे में बाईक सवार तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। उरला थाना पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया है। उरला पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत विवेचना में जुट चुकी है।

# लेबर सप्लायर ठेकेदार की निर्मम हत्या घटना के हर पहलुओं की जांच कर रही पुलिस



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सुबह थाना कोतरारोड में जिंदल स्कूल के आगे मानसरोवर तालाब के मेढ पाइप के पास एक अज्ञात मृतक का शव पड़े होने की सूचना मिला। सूचना पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा , नगर पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर तथा थाना कोतरारोड प्रभारी रूपक शर्मा व स्टाफ मौके पर पहुंचे। जहां एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसका सिर, कमर के नीचे का भाग नहीं था। शव को छत विक्षत कर दिया गया था। मृतक के जीजा मिथिलेश सिंह पिता हरिनंदन सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी बड़े रामपुर रायगढ़ द्वारा शव को पहचान कर अपने साला संदीप सिंह पिता स्वर्गीय विद्या सिंह उम्र 45 साल निवासी भगवानपुर खरसिया रोड के रूप में किया। मृतक की शिनाख्ती उपरांत मर्ग एवं अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 302, 201 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

प्रारंभिक जांच, पूछताछ में पता चला है कि मृतक लेबर सप्लाई ठेकेदार का काम करता था। दिनांक 18.10.2019 के शाम 7:30 बजे ड्यूटी के लिए मोटरसाइकिल पर घर से निकला था, लगभग रात्रि 9:30 बजे मृतक को उसकी पत्नी फोन पर पूछी तो सैलून में होना बताया उसके बाद से ही उसका मोबाइल बंद था जिसकी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर शव के धड़ भाग को मानसरोवर तालाब के पास छुपा दिया था। मृतक के शव के शेष भाग की तलाश की जा रही है। घटना के हर पहलुओं की जांच करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी जा रही है।

## चाकूबाजी के मामले में आरोपी कपिल पटनायक को घरघोड़ा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** वार्ड क्रमांक 2 घरघोड़ा में रहने वाले आरिफ खान पिता समीम खान उम्र 24 वर्ष द्वारा थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 15.10.19 को अपने दोस्त विकास सारथी के घर से जन्मदिन की पार्टी में शामिल होकर रात करीब 12:15 बजे अपने दोस्त ज्ञानेश्वर कुर्रे और प्रदीप कुर्रे के साथ मोटरसाइकिल से घर लौटते समय धर्मजयगढ़ रोड बेहरा गैरेज के पास उन्हीं के मोहल्ले में रहने वाला कपिल पटनायक तीनों को देखकर गाली-गलौच करने लगा वाद विवाद बढ़ा और झगड़े में कपिल पटनायक ने ज्ञानेश्वर कुर्रे के ऊपर चाकू से वार कर दिया जिससे उसके बाएं कांख के नीचे पसली में चोट आया था। घटना के संबंध में आरिफ खान के रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में अपराध क्रमांक 192/19 धारा 294, 323, 324,506 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं आहत का मुलाहिजा रिपोर्ट प्राप्त किया गया। मुलाहिजा रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में धारा 307 भादवि विस्तारित कर फरार आरोपी कपिल पटनायक को दिनांक 19.10.2019 को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## दो सालों तक महिला का यौन शोषण, आरोपी थानेदार लाईन अटैच




**जशपुर (आरएनएस)।** रायगढ़ की एक महिला का दो सालों तक यौन शोषण करने के आरोप में पत्थलगांव पुलिस निरीक्षक ओमप्रकाश ध्रुव पर कार्रवाई की गई है। पीड़िता की शिकायत पर विभाग ने ओमप्रकाश ध्रुव को लाइन अटैच कर दिया है।

ज्ञात हो कि रायगढ़ की एक महिला ने आरोप लगाया था कि पत्थलगांव पुलिस निरीक्षक ओमप्रकाश ध्रुव ने शादी का प्रलोभन देकर लगातार दो साल से उसका शारीरिक शोषण किया है। इस बीच तीन बार गर्भपात भी करवा चुकी है। पीड़िता जब शादी के लिए अड़ गई तब ध्रुव ने कन्नी काट ली। लेकिन महिला ने हिम्मत दिखाई और पुलिस के आला अफसरों से लगातार इसकी शिकायत करती रही। इधर विभाग के अधिकारी लगातार हो रही किरकिरी के बीच झुके और सरगुजा आईजी केसी अग्रवाल ने मीडिया में आई पूरी खबरों को संज्ञान में लेते हुए पूरे प्रकरण की जांच का जिम्मा रायगढ़ एसपी संतोष सिंह को सौंप दिया है। जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आ जाती है ध्रुव को लाइन अटैच कर दिया गया है। लाइन अटैच के पहले प्रारंभिक पड़ताल के बाद उक्त कार्रवाई की गई है।

## माल धक्का स्थित पुलिया को रायपुर गुढ़ियारी अंडर ब्रिज की तरह विस्तार करने की मांग



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने रायगढ़ के बढ़ते हुए यातायात के मद्देनज़र जूट मिल क्षेत्र से मुख्य बाजार तथा रेल्वे स्टेशन तक आने वाले लोगों की सुविधा को देखते हुए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मांग की है कि वे माल धक्का स्थित पुलिया को रायपुर गुढ़ियारी अंडर ब्रिज की तरह टू वे के रूप में विस्तार करें। चेंबर अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल एवं महामंत्री हीरा मोटवानी ने बताया कि रेलवे लाइन के उस तरफ रहने वाले लगभग 40प्रतिशत नागरिक वर्तमान में शनि मंदिर अंडर ब्रिज तथा मुख्य मार्ग पर स्थित ओवरब्रिज का उपयोग करते हैं परंतु इन सब के बाद भी यातायात का दबाव बना रहता है और यातायात पुलिस द्वारा ओवर ब्रिज पर जूट मिल की तरफ से पुराना शनि मंदिर तक आने वाले व्यावसायिक वाहनों एवं चारपहिया वाहनों को आने की इजाजत नहीं दी जाती जिसके कारण सारा दबाव शनि मंदिर के अंडर ब्रिज पर ही पड़ता है। यदि माल धक्का स्थित पुलिया को गुढ़ियारी अंडर ब्रिज की तरह विस्तारित करके टू वे अंडर ब्रिज का निर्माण कर दिया जाए तो यातायात की काफी समस्या हल हो सकती है ओवरब्रिज का उपयोग केवल वही लोग करते हैं जिनके पास स्कूटर है कार है या फिर जो लोग ऑटो का इस्तेमाल करते हैं परंतु पैदल अथवा साइकिल सवार आज भी मलधक्का पुलिया का ही उपयोग करते हैं साथ ही साथ ऑटो और दोपहिया वाहन भी इसी अंडर ब्रिज का उपयोग करते हैं जिसके कारण इस पुलिया में दिनभर यातायात का दबाव बना रहता है। यह पुलिया बहुत ही सकरी है यदि इसे विस्तारित किया जाता है तो शहर वासियों को रेलवे लाइन के इस तरफ आने और जाने के लिए बहुत सुविधा हो जाएगी और मुख्य मार्गों पर विशेष कर सुभाष चौक पर यातायात का दबाव कम होगा। अतः उन्होंने सांसद श्रीमती गोमती देवी साय रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक और कलेक्टर रायगढ़ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ आयुक्त नगर निगम का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए उन्हें भी निवेदन किया है कि वह भी अपने स्तर पर इस पुलिया के विस्तार के लिए प्रयास करें।

## 4 इनामी सहित 28 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

» कटेकल्याण इलाके के चिंगपाल कैं प में किया समर्पण, कई वारदातों सक्रिय रहे हैं समर्पित नक्सली



**जगदलपुर (आरएनएस)।** सरकार द्वारा चलाई जा रही आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर, लंबे समय से नक्सलियों की खोखली विचारधारा को छोड़कर दंतेवाड़ा जिला पुलिस के समक्ष चार इनामी नक्सली समेत 28 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। चित्रकोट उपचुनाव मंगलवार 21 अक्टूबर को संपन्न होना है। उपचुनाव के पूर्व दंतेवाड़ा पुलिस को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है।

बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा एवं एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि समर्पित नक्सलियों ने मडगांव और मड्डा इलाके में 3 दिन पूर्व एक नक्सली के समर्पण किये जाने से प्रभावित होकर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने की इच्छा जाहिर की। इसके बाद आज कटेकल्याण इलाके के चिंगपाल कैं प में इन नक्सलियों ने एक साथ पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में आत्मसमर्पण कर दिया। उक्त नक्सली इलाके में विभिन्न घटनाओं में शामिल होकर शासन प्रशासन सहित सरकारी मशीनरी को नुकसान पहुंचाने का काम किया करते थे और पुलिस की डायरी में इन नक्सलियों के खिलाफ कई मामले दर्ज थे। सरेंडर करने वाले नक्सलियों के मु यधारा में जुड़ने से नक्सली संगठन को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

अधिकारियों ने बताया कि लगातार शासन की विभिन्न योजनाओं से प्रभावित होकर नक्सली अपने संगठन को छोड़कर मु यधारा में लौट रहे हैं यह सबसे बड़ी कामयाबी है। हमारा प्रयास लगातार अंदरूनी इलाकों में संगठन के लिए काम करने वाले नक्सलियों को मु यधारा में जोड़ना है और हम लगभग इस अभियान में पूरी तरह सफलता की ओर हैं।

उन्होंने बताया कि समर्पित नक्सली विभिन्न वारदातों में शामिल रहे हैं, इनके सरेंडर से नक्सली संगठन को काफी नुकसान पहुंचेगा। समर्पण करने वाले नक्सलियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया जाएगा। समर्पण करने वाले नक्सलियों को 10-10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गयी।

## मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करने वाले व्यक्तियों के नाम इतिहास में होते हैं दर्ज : राज्यपाल



**रायपुर (आरएनएस)।** जो व्यक्ति सामाजिक और राजनीतिक जीवन में मानवीय संवेदना की भावना लेकर कार्य करता है, उसका नाम इतिहास में अंकित हो जाता है। ऐसे ही व्यक्तित्व के धनी स्व.मनहरण लाल पाण्डेय ने इस क्षेत्र और प्रदेश के विकास के साथ ही भूखे, पीड़ित एवं शोषित लोगों के लिए कार्य किया। आज एकत्रित होकर हम उनको याद कर रहे हैं। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके आज बिलासपुर जिले के तखतपुर में पूर्व मंत्री एवं सांसद स्व.मनहरण लाल पाण्डेय की 81वीं जयंती के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थी।

राज्यपाल सुश्री उईके ने अपने राजनैतिक जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि यही मानवीय भावना और संवेदना को लेकर काम प्रारंभ किया। उन्हें राष्ट्रीय स्तर के अनेक पद का सम्मान मिला। वे ईमानदारी और निष्ठा से कार्य किया। आज उन्हें छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के रूप में पद मिला है। उन्होंने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ आयी हैं, यहां के लोगों का अपनापन और विश्वास मिला है। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग सहज और सरल हैं। सुश्री उईके ने स्वर्गीय मनहरण लाल पाण्डेय की पुत्री और राष्ट्रीय महिला आयोग की सलाहकार सदस्य श्रीमती हर्षिता पाण्डेय को बधाई देते हुए कहा कि आपमें वो प्रतिभा है, आपके पिता जी के सपनों को साकार करेंगी।




## मुकेश गुप्ता ने बेटियों के फोन टेप किये जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

**रायपुर (आरएनएस)।** निलंबित आईपीएस मुकेश गुप्ता ने बेटियों के फोन टेप कराए जाने का लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। दाखिल रिट पिटिशन में कहा गया है कि अवैध तरीके से छत्तीसगढ़ पुलिस उनकी बेटियों का फोन टेप कर रही है। मामले की सुनवाई 25 अक्टूबर को होगी।

जानकारी के मुताबिक हाल ही में छह अक्टूबर को रायपुर पुलिस के लेटर के जरिए निलंबित आईपीएस अधिकारी मुकेश गुप्ता की बेटियों के फोन टेप किए जाने के आदेश जारी किए थे और इस दिन ही गुप्ता की बेटी ने दिल्ली के मालवीय नगर थाना में अवैध तरीके से फोन टेप किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। मुकेश गुप्ता की बेटी देवयानी गुप्ता और मुक्ता गुप्ता ने अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने तीन अलग-अलग मामलों में गुप्ता के खिलाफ चल रही जांच पर अगली सुनवाई तक रोक लगाई थी। जस्टिस अरूण मिश्रा और जस्टिस एम आर शाह की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया था।

गौरतलब है कि मुकेश गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट में रिट दाखिल करते हुए मांग की थी कि छत्तीसगढ़ में उनके खिलाफ चल रही जांच, राज्य के बाहर सीबीआई या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए। उनकी ओर से दलील दी गई थी कि उनके विरूद्ध दर्ज सभी मामले प्रायोजित हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा था। मुकेश गुप्ता के खिलाफ अवैध तरीके से फोन टेपिंग कराए जाने के साथ-साथ साडा प्लांट आबंटन में गड़बड़ी और मिक्की मेहता की मौत मामले में एफ आईआर दर्ज की गई है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480